यूपी में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के लिए योगी ने प्रधानमंत्री का आभार जताया

बयान के अनुसार, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना लखनऊ एवं हरदोई जिले की एक हजार एकड़ भूमि पर की जाएगी.

Reported by भाषाUpdated: 17 मार्च, 2023 11:47 PM

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (फाइल फोटो).

लखनऊ:

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्य में 'पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क' की स्थापना का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया. इस पार्क की स्थापना लखनऊ और हरदोई जिले की एक हजार एकड़ भूमि पर की जाएगी.

शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश में स्थापित होने जा रहा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क राज्य के कपड़ा उद्योग को नई पहचान देने के साथ करोड़ों रुपये की निवेश संभावनाओं और लाखों रोजगारों के सृजन का कारक बनेगा.

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित किए जाएंगे जो वस्त्र क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करेंगे.

बयान के अनुसार, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना लखनऊ एवं हरदोई जिले की एक हजार एकड़ भूमि पर की जाएगी. परियोजना हेतु हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाएगी. इस परियोजना पर लगभग 1,200 करोड़ रुपये व्यय का अनुमान है.